(3) जहॉ इस अध्यादेश के अधीन अपील या पुनरीक्षण पर, सस्पेंशन के अधीन कर्मचारी पर आरोपित पदच्युति, सेवा से निष्कासन या अनिवार्य सेवानिवृत्ति की जुर्माना को रद्द की जाती है और प्रकरण को आगे पूछताछ के लिए या कार्यवाही के लिए या किसी निर्देश के साथ छोडा जाता है, सस्पेंशन आदेश को पदच्युति, सेवा से निष्कासन या अनिवार्य सेवानिवृति संबंधित मूल आदेश की तिथि से लागू माना जाएगा और आगे आदेश तक यह चालू रहेगा।

(4) जहॉ न्यायालय के निर्णय द्वारा या के कारण से सस्पेंशन के अधीन कर्मचारी पर आरोपित पदच्युति, सेवा से निष्कासन या अनिवार्य सेवानिवृत्ति की जुर्माना को रद्द किया जाता है या निरस्त घोषित करते हुए और प्रकरण को आगे पूछताछ के लिए या कार्यवाही के लिए या किसी निर्देश के साथ छोडा जाता है और अनुशासनिक अधिकारी प्रकरण की परिस्थितियों पर विचार करते हुए, मूल रूप से पदच्युति, सेवा से निष्कासन या अनिवार्य सेवानिवृत्ति का जुर्माना जिस आरोप पर उनके विरुद्ध आगे की पूछताछ आयोजित करने संबंधित निर्णय पर पहुँचेगा तो कर्मचारी को नियोजन अधिकारी द्वारा पदच्युति, सेवा से निष्कासन या अनिवार्य सेवानिवृत्ति संबंधित मूल आदेश की तिथ्रि से सस्पेंशन के अधीन रखा गया माना जाएगा और अगले आदेश तक सस्पेंशन के अधीन रहेंगे।

बशर्ते कि ऐसे आगे पूछताछ के लिए आदेश नहीं पारित किया जाएगा जब तक कि ऐसे परिस्थिति को सामना करना पडें, जहॉ न्यायालय ने प्रकरण के गुणदोषों पवर ध्यान दिये बिना, तकनीकि ग्राउन्ड पर आदेश पारित किया है।

(5) (a) सस्पेंशन आदेश जिन्हें जारी किया गया है या जारी किया गया ऐसा माना जाएगा, तब तक चालू होगी जब तक कि उसे संशोधित किया जाएगा या ऐसे करने के लिए सक्षम अधिकारी द्वारा उसको रद्द की जाएगी।

(b) जहॉ एक कर्मचारी को सस्पेंड किया जाता है या सस्पेंड किया जाना माना जाता है (किसी अनुशासनिक कार्यवाही में या अन्यथा) और इस सस्पेंशन के जारी रहते वक्त उनके विरुद्ध किसी अन्य अनुशासनिक कार्यवाही शरू की जाती है तो, सस्पेंशन में रखने प्राधिकृत अधिकारी, उनसे लिखित दर्ज किये जानेवाले कारणों के लिए, निर्देश दे सकता है कि जब तक कि सभी कार्यवाही या कार्यवाही के किसी अंश को निपटा जाता है तब तक कर्मचारी को सस्पेंशन के अधीन रहना है।

(c) जारी किये गये या जारी किये गये माने जानेवाले किसी सस्पेंशन आदेश को, जारी करनेवाले या जारी किये जाने माने जानेवाले प्राधिकारी द्वारा या किसी प्राधिकारी जिसके लिए इस अधिकारी अधीनस्थ है किसी भी समय संशोधन किया जा सकता है या रद्द किया जा सकता है।

(d) जारी किये गये या जारी किये गये माने जानेवाले किसी सस्पेंशन आदेश को, सस्पेंशन के प्रभावी तारीख से एक सौ अस्सी दिनों की समाप्ति के पूर्व, सस्पेंशन आदेश को संशोधित कर सकता है या रद्द कर सकता है और सस्पेंशन को

विस्तार करते हुए या सस्पेंशन करते हुए आदेश पारित कर सकता है। सस्पेंशन का विस्तार एक समय एक सौ अस्सी से अधिक नहीं हेगी।

बशर्ते कि, अगर सस्पेंशन से एक सौ अस्सी दिनों की पूर्ति होने पर सस्पेंशन के अधीन अगर कर्मचारी हो तो पंक्ति 5(2) के अधीन, माने गये सस्पेंशन के प्रकरण में सस्पेंशन का ऐसे पुनरीक्षण की जरूरत नहीं होगी और ऐसे प्रकरण में एक सौ अस्सी दिनों की अवधि उस दिन से शुरू होगी जब कब्जे में नजरबंद कर्मचारी को नजरबंदी से छुटकारा प्राप्त हों या उस तारीख जिसमें उसके नियोजन प्राधिकारी को नजदबंदी से छोडने संबंधित सूचना दी जाती है, जो भी बाद के हो।

भाग 3 – जुर्माना व अनुशासनिक अधिकारी

6. अच्छे और पर्याप्त कारणों के लिए, आगे प्रदत्त अनुसार, कर्मचारी पर निम्न जुर्माना आरोपित कर सकते हैं

लघु जुर्माना

(i) अपराधी ठहराना
(ii) पदोन्नति को स्थगित करना
(iii) विश्वविद्यालय के कानूनों को या उच्च प्राधिकारियों के निर्देशन को उल्लंघन करने से या उनकी लापरवाही के कारण से विश्वविद्यालय को हुई नुकसान का, पूर्ण या आंशिक तौर पर उनके वेतन से वसूली
(iv) वेतनवृद्धि को स्थगित करना ,बशर्ते कि जहॉ ऐसे आदेश को किसी कारण से प्रभावी नहीं कर पाऍगे, स्थगित करने आदेशित वेतनवृद्धि रकम के समतुल्य मौद्रिक मूल्य का जिस हद तक आवश्यकता हो, वेतन से पुनःवसूल कर सकते है।

प्रमुख जुर्माना

(v) ऐसे अवनति की अवधि के दौरान, कर्मचारी वेतनवृद्धि प्राप्त करेंगे या नही इससे संबंधित आगे की निर्देशों के साथ, विशिष्ट अवधि तक समय वेतनमान में निछले स्तर में रखना और ऐसे अवधि की समाप्ति पर, उनके वेतन के आगे की वेतनवृद्धियों को मुल्तवी करने से संबंधित प्रभाव होगी की नहीं।
(vi) निछले समय–वेतनमान, श्रेणी या पद या सेवा में अवनति, सेवा में श्रेणी या पद जिससे ऐसे अवनति की गई है, की पुनःप्राप्ति संबंधित शर्तों के निर्देश के साथ या बिना, समय वेतन मान श्रेणी, पद या सेवा,निम्न श्रेणी में अवनति किये जाने पर साधारणतः पदोन्नति में बाधा होगी।
(vii) अनिवार्य सेवानिवृत्ति
(viii) सेवा से निकाला जाना
(ix) सेवा से बरखास्त

स्पष्टीकरण : इस पंक्ति के अर्थ के तहत निम्न को जुर्माना नहीं माना जाएगा।

(a) बॉर को पॉर करने के लिए अनर्ह होने के कारण से समय वेतनमान में दक्षता बॉर पर कर्मचारी का रोकथाम
(b) कर्मचारी, जिस श्रेणी या पद के लिए अर्ह है को पदोन्नति के लिए विचार करने के बाद, चाहे मूलभूत या स्नानापन्न हैसियत में कर्मचारी को पदान्नति न दिया जाना
(c) ऐसे परीवीक्षणावधि को व्यवस्थित करनेवाले कानून तथा आदेश या उसके नियुक्ति के शर्तों के साथ अनुपालन में, परीवीक्षणावधि के अंत में या के दौरान, किसी अन्य श्रेणी या पद में परीवीक्षण में नियुक्त कर्मचारी को, उसके स्थाई श्रेणी या पद में पदावनति।
(d) ऐसे उच्च पद या श्रेणी के लिए अनुचित विचार करते हुए या व्यवहार के साथ गैर–संबंधित कारण से किसी प्रशासनिक कारण पर, उच्च श्रेणी या पद में कार्यरत कर्मचारी का पदावनति,
(e) बाह्य प्राधिकरण से ऋण में लिये गये, कर्मचारी के सेवाओं का प्रतिस्थापन, जो ऐसे प्राधिकरण के निपटान में हो।
(f) उनकी सेवानिवृत्ति या सूपरएनुयेशन से संबंधित प्रावधानों के साथ अनुपालन में कर्मचारी का अनिवार्य सेवानिवृत्ति
(g) सेवा से निष्कासन
  i. असंतुष्ट निष्पादन या पूर्ण अनुशासनहीनता या गंभीर दुर्व्यवहार के कारण, परीवीक्षणावधि के अंत में या के दौरान परीक्षवीक्षण पर नियुक्त कर्मचारी के या
  ii. नियोजन के शर्तों के साथ अनुपालन में अस्थाई कर्मचारी के या
  iii. समझौता के अधीन नियोजित कर्मचारी के, ऐसे समझौता के शर्तों के साथ अनुपालन में

7. (1) कार्यकारिणी परिषद, प्रतिनियुक्तिकार या एक प्रतिनियुक्तिकार माने जानेवाले पर गंभीर जुर्माना, जिन्हें संबंधित प्राधिकारी से संदर्भित किया जाना को छोडकर, किसी भी कर्मचारी पर पंक्ति 6 में विनिर्दिष्ट किसी भी जुर्माना को आरोपित कर सकता है।

(2) कुलपति द्वारा पक्ति 6 के अनुच्छेद (i), (ii), (iii) और (iv) में विनिर्दिष्ट किसी भी लघु जर्माना किसी भी कर्मचारी पर आरोपित किया जा सकता है।

बशर्ते कि ऐसे किसी जुर्माना आरोपित करने वाले कुलपति के आदेश के विरुद्ध कार्यकारिणी परिषद् में अपील किया जा सकता है।

(3) कुलसचिव द्वारा पक्ति 6 के अनुच्छेद (i), (ii), (iii) और (iv) में विनिर्दिष्ट किसी भी लघु जुर्माना किसी भी गैर–शिक्षण कर्मचारी पर आरोपित किया जा सकता है।

बशर्ते कि ऐसे किसी जुर्माना आरोपित करने वाले कुलसचिव के आदेश के विरुद्ध कुलपति से अपील किया जा सकता है।

8. (1) कार्यकारिणी परिषद या सामान्य या विशेष आदेश के जरिये उससे सशक्त किये गये किसी अन्य प्राधिकारी

(a) कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही स्थापित कर सकता है।

(b) पंक्ति 6 में विनिर्दिष्ट किसी भी जुर्माना को इस अध्यादेश के अधीन आरोपित करने सक्षम अनुशासनिक प्राधिकारी को किसी कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही स्थापित करने के लिए निर्देश देना

(2) एक अनुशासनिक प्राधिकारी जो इस अध्यादेश के अधीन पंक्ति 6 के अनुच्छेद (i) से (iv) में विनिर्दिष्ट जुर्माना को आरोपित करने सक्ष्म है, वह पंक्ति 6 के अनुच्छेद (v) से (ix) में विनिर्दिष्ट जुर्माना अरोपित करने हेतु किसी भी कर्मचारी के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही स्थापित कर सकता है इसके बावजूद कि ऐसे अनुशासनिक अधिकारी बाद के किसी जुर्माना में से किसी को आरोपित करने के लिए उन नियमों के अधीन सक्षम नहीं है और अपने सिफारिश के साथ कार्यकारिणी पषिद को प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।''

भाग 4 – जुर्माना आरोपित करने संबंधित तरीका

9. (1) इस पंक्ति और पंक्ति 11 में दिये गये तरीके में, जैसे भी हो, पूछताछ किये बिना, पंक्ति 6 के अनुच्छेद (v) से (ix) में विनिर्दिष्ट किसी भी जुर्माना आरोपित करते हुए कोई आदेश जारी नहीं किया जाएगा।

(2) जब भी अनुशासनिक प्राधिकारी इस राय के है कि किसी भी कर्मचारी के विरुद्ध दुव्यर्वहार के अभिप्राय संबंधित सच्चाई के पूछताछ करने कारण है। वह स्वयं इसमें पूछताछ कर सकता है या इस पंक्ति के अधीन सच्चाई को जानने हेतु पूछताछ करने प्राधिकारी को नियुक्त कर सकता है।

स्पष्टीकरण : जहॉ अनुशासनिक अधिकारी ही पूछताछ कार्यवाही अपनाता है, पूछताछ प्राधिकारी के लिए उप–पंक्ति (7) से उप–पंक्ति (20) व (22) में किसी संदर्भ को अनुशासनिक प्राधिकारी के लिए संदर्भ समझा जाएगा।

(3) जहॉ इस पंक्ति और पंक्ति 11 के अधीन किसी कर्मचारी के विरुद्ध पूछताछ प्रस्तावित है, अनुशासनिक अधिकारी निम्न को तैयार करेगा या करने देगा

(i) दुव्यवहार या दुराचार के अभिप्राय के विषयवस्तु को निश्चित और विशिष्ट चार्ज आर्टिकल के रूप में

(ii) प्रत्येक चार्ज आर्टिकल के समर्थन में दुर्व्यवहार या दुराचार के अभिप्राय की तालिका जिसमें निम्न होंगे।

(a) कर्मचारी द्वारा स्वीकृति या किसी सहमति सम्मिलित करके संबंधित सभी तथ्यों की तालिका।

(b) दस्तावेजों की सूची जिसके द्वारा और गवाहों की सूची जिससे चार्ज आर्टिकल को कायम करना प्रस्तावित है।

(4) अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा कर्मचारी को चार्ज आर्टिकल, दुव्यर्वहार या दुराचार के अभिप्राय संबंधित तालिका और दस्तावेजों की सूची और गवाहों की सूची जिससे चार्ज आर्टिकल को कायम करना प्रस्तावित है उसकी प्रति प्रदान की जाएगी और कर्मचारी से विनिर्दिष्ट ऐसे समयावधि के अन्दर, अपनी रक्षा संबंधित लिखित बयान मॉगी जाएगी और उनसे पूछा जाएगा कि उन्हें व्यक्तिगत रूप से पूछताछ करने की ओर वांछित है?

(5)(a) रक्षा संबंधित लिखित बयान की प्राप्ति पर, प्रशासनिक प्राधिरण स्वयं ऐसे अस्वीकृत चार्ज आर्टिकल पवर पूछताछ कर सकता है या अगर वह ऐसे करना आवश्यक महसूस करें तो, इस कार्य के लिए उप–पक्ति (2) के अधीन एक पूछताछ अधिकारी नियुक्त कर सकता है और कर्मचारी द्वारा अपनी रक्षा हेतु लिखित बयान के जरिये कर्मचारी द्वारा सभी चार्ज आर्टिकल स्वीकृत किया गया हो तो प्रशासनिक प्राधिकारी जैसे वह उचित समझे ऐसे गवाह को लेने के बाद प्रत्येक प्रभार पर निष्कर्ष को दर्ज करेगा और पंक्ति 10 में उल्लिखित तरीके में कार्य करेगा।

(b) अगर कर्मचारी द्वारा अपनी रक्षा में कोई लिखित बयान पेश नहीं किया जाता है तो, प्रशासनिक अधिकारी स्वयं इस प्रभार आर्टिकलों पर पूछताछ कर सकता है या अगर, ऐसे करना आवश्यक समझे तो, उप–पंक्ति (2) के अधीन, इस कार्य के लिए एक पूछताछ अधिकारी नियुक्त कर सकता है।

(c) जहॉ अनुशासनिक अधिकारी ही स्वयं किसी प्रभार आर्टिकलों पर पूछताछ करता है या ऐसे प्रभार पर पूछताछ करने के लिए एक पूछताछ प्राधिकारी की नियुक्ति करता है, आदेश के जरिये, एक कर्मचारी जिन्हें 'प्रेसेन्टिंग अफसर' कहा जाएगा को प्रभार आर्टिकल के समर्थन मे अपनी ओर से प्रकरण को पेश करने के लिए नियुक्त कर सकता है।

(6) अनुशासनिक प्राधिकारी, जहॉ वह पूछताछ अधिकारी नहीं होंगे, पूछताछ अधिकारी को निम्न अग्रेषित करेगा।

(i) प्रभार आर्टिकल प्रति और दुर्व्यवहार या दुराचार के अभिप्राय संबंधित बयान की प्रति

(ii) कर्मचारी द्वारा समर्पित रक्षा में लिखित बयान, अगर कुछ हो तो की प्रति

(iii) उप–पंक्ति (3) में संदर्भित अनुसार, अगर कुछ हो तो, गवाहों का बयान

(i) उन्हें उप पंक्ति (3) में संदर्भित दस्तावेजों की डेलिवरी को निरूपित करने वाले गवाह

(ii) प्रसेन्टिंग अफसर नियुक्ति आदेश की प्रति

(7) कर्मचारी, प्रभार आर्टिकल तथा दुर्व्यवहार या दुराचार के अभिप्राय संबंधित बयान की प्राप्ति से पंद्रह कार्यकारी दिनों के अन्दर ऐसे दिन और ऐसे समय पर पूछताछ प्राधिकारी के सामने पेश होंगे जैसे पूछताछ अधिकारी, अपनी ओर से लिखित नोटिस के जरिये विनिर्दिष्ट करेंगे या ऐसे आगे समय के अन्दर, जो पन्द्रह दिनों से अधिक न हो पेश होंगे, जैसे पूछताछ अधिकारी की अनुमति हो।

(8) कर्मचारी अपनी ओर से प्रकरण को पेश करने के लिए किसी भी कर्मचारी से सहायता प्राप्त कर सकता है पर इस कार्य के लिए एक अधिवक्ता को निपयुक्त नहीं करेगा।

(9) अगर एक कर्मचारी, जो प्रभार आर्टिकल को अपने लिखित रक्षा बान में स्वीकृत नहीं किया है, पूछताछ प्राधिकारी के सामने पेश होते है तो, ऐसे प्राधिकारी उनसे प्रश्न करेंगे कि वह दोषी है या उनकी ओर से प्रस्तुत करने के लिए किसी रक्षा उपलब्ध है और यदि वह कर्मचारी किसी भी आर्टिक्ल प्रभार से अपने को दोषी अनुनय कर लेता है तो, पूछताछ अधिकारी उनकी अनुराध को लिखित दर्ज कर लेगा और उसमें कर्मचारी का हस्ताक्षर प्राप्त कर लेगा।

(10) कर्मचारी जिस प्रभार आर्टिकल में अपने को दोषी अनुनय करते है उससे संबंधित दोष के लिए निष्कर्ष पर पहुॅचेगा।

(11) पूछताछ अधिकारी, अगर किसी कर्मचारी विनिर्दिष्ट समय पर उपस्थित होने से चूकेंगे या दोष को अनुनय करने से इनकार करता है तो प्रेसेन्टिंग अधिकारी को गवाह पेश करना है जिसके जरिये वह प्रभार आर्टिकल को निरूपित करने प्रस्तावित करता है और अपने गवाह की तैयारी हेतु कर्मचारी को आदेश देकर दर्ज करते हुए, तीस दिनों से अधिक न होने वाले किसी तारीख को स्थगित कर देगा।

(i) उप–धारा (3) में संदर्भित सूची में विनिर्दिष्ट दस्तावजों का, आदेश से पॉच दिनों के अन्दर या पूछताछ अधिकारी जैसे अनुमति प्रदान करेंगे, ऐसे पॉच दिनों के अधिक न होने वाले समय के अन्दर निरीक्षण करेगा

(ii) अपनी ओर से परीक्षण करने योग्य गवाहों की सूची समर्पित करेगा।

टिप्पणी : अगर कर्मचारी, उप–पंक्ति (2) में संदर्भित सूची में उल्लिखित गवाहों की बयान का प्रति आपूर्ति करने के लिए लिखित या मौखिक रूप से आवेदन करेगा तो जितना शीघ्र हों पूछताछ अधिकारी ऐसे प्रतियॉ कर्मचारी को पेश करेंगे और किसी प्रकरण में, अनुशासनिक प्राधिकारी की ओर से गवाहों के परीक्षा की शुरूवात से तीन दिनों के पूर्व प्रदान करेंगे।

(iii) आदेश के दस दिनों के अन्दर या दस दिनों को पार न करते हुए जैसे पूछताछ अधिकारी द्वारा अनुमति दिया हो, ऐसे आगे समय के अन्दर, उप–पंक्ति 3 में संदर्भित सूची में, विश्वविद्यालय के साथ उपलब्ध पर उल्लिखित न किये गये दस्तावेजों को पेश करने के लिए नोटिस दें

टिप्पणी : विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुत किये जाने हेतु उनसे वांछित दस्तावेजों के संबंध को कर्मचारी द्वारा संकेतित कराना है

(12) पूछताछ अधिकारी, दस्तावेजों को पेश करने के लिए नोटिस की प्राप्ति पर, उसे ही या उसकी प्रति को प्राधिकारी, ऐसे आवेदन में विनिर्दिष्ट ऐसे तारीख तक दस्तोवजों को पेश करने के लिए विनती के साथ, जिनके कब्जे में वह दस्तावेज हो अग्रेषित करेगा ।

बशर्ते कि, पूछताछ अधिकारी, लिखित रूप से दर्ज कारणों के लिए, ऐसे विनती किये गये दस्तावेजों को, विश्वविद्यालय के हितों को ध्यान में रखते हुए या उनकी राय में, प्रकरण से संबधित न होने पर, इनकार कर सकता है ।

(13) उप–पंक्ति (12) में संदर्भित विनती की प्राप्ति पर, प्रत्येक प्राधिकारी जिनके कब्जे में मॉगे गये दस्तावेज हों उस दस्तावेज को पूछताछ प्राधिकारी के सामने पेश करेंगे।

बशर्ते कि, अगर वांछित दस्तावेज को कब्जे में या अपने अधिकार के अधीन रखने वाले प्राधिकारी, लिखित रूप से दर्ज करने योग्य कारणों से संतुष्ट है कि इन सभी या आंशिक दस्तावेजों को प्रस्तुत करने पर, विश्वविद्यालय के आम हित के विरुद्ध होगी तो इसके संबंध में पूछताछ प्राधिकारी को सूचना देगा और पूछताछ अधिकारी ऐसे सूचना प्राप्त होते ही कर्मचारी को इसकी सूचना देंगे और ऐसे दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के लिए उनसे पेश किये गये विनती को वापस लेंगे।

(14) पूछताछ के लिए निर्धारित तारीख को, मौखिक तथा दस्तावेजीय गवाह, जिसके जरिये आर्टिकल प्रभार को निरूपित किया जाना है को अनुशासनिक अधिकारी की ओर से या द्वारा पेश किया जाएगा। कर्म्रचारी की ओर से या द्वारा गवाहों का परीक्षण किया जाएगा। जिन बिन्दुओं में उन्हें पार की जॉच की गई थीपवर गवाहों का पुनःपरीक्षण करने

प्रसेन्टिंग अधिकारी को अधिकार प्राप्त है। गवाह से, पूछताछ प्राधिकारी ऐसे प्रश्नों को पूछ सकता है जिन्हें वह उचित समझें।

(15) अगर आवश्यकता महसूस हों, अनुशासनिक प्राधिकारी अपनी ओर से प्रकरण की समाप्ति के पूर्व, अपने विवे के अनुसार, कर्मचारी को दिये गये सूची में सम्मिलित न किये गये गवाह को पेश करने के लिए अनुमति दे सकते हैं या स्वयं नये गवाहों की मॉग रख सकते हैं या किसीभी गवाह को पुनः बुलाते हुए पुनः'परीक्षण करा सकते है और ऐसे प्रकरण में, अगर कर्मचारी मॉग पेश करता है तो ऐसे पेश करने प्रस्तावित अतिरिक्त गवाहों की सूची संबंधित प्रति तथा स्थगन के दिन और उस दिन जिसमें पूछताछ को स्थगित किया गया है, छोडकर, ऐसे नये गवाह पेश करने के पूर्व तीन स्पष्ट दिनों के लिए पूछताछ स्थगित करने संबंधित मॉग रखने का अधिकार है। अभिलेख के रूप में उन्हें लिये जाने के पूर्व ऐसे दस्तावेजों को निरीक्षण करने संबंधित अवसर कर्मचारी को, पूछताछ अधिकारी द्वारा प्रदान किया जाएगा। अगर पूछताछ अधिकारी अपने राय में, न्याय के हित में ऐसे गवाहों को पेश करना आवश्यकता समझे तो कर्मचारी को नये गवाह पेश करने के लिए अनुमति प्रदान कर सकता है।

टिप्पणी : गवाह में किसी छेद को पूर्ण करने के लिए, नये गवाह की अनुमति या बुलाने हेतु अनुमति या किसी गवाह को पुनःबुलाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसे गवाह को तभी बुलायी जाएगी जब मूलय रूप से पेश किये गये गवाह में अंतर्निहित अन्तर हो ।

(16) जब एक अनुशासनिक प्राधिकारी का प्रकरण समाप्त की जाती है, कर्मचारी को अपनी रक्षा में मौखिक या लिखित तौर पर जैसे वह वांछित करता है अभिव्यक्त करना है। अगर रक्षा मौखिक तौर पर हो, तो उसे दर्ज किया जाएगा और कर्मचारी को अभिलेख में हस्ताक्षर करना पडेगा। किसी भी प्रकरण में रक्षा बयान की प्रति, प्रेसेन्टिंग अधिकारी, अगर नियुक्त किया गया हो, तो प्रदान किया जाएगा।

(17) कर्मचारी की ओर से गवाह को तब प्रस्तुत की जाएगी। कर्मचारी, अगर चाहेंगे तो अपनी ओर से स्वयं परीक्षण कर सकते है। कर्मचारी द्वारा पेश किये गये गवाह का परीक्षण किया जाएगा और पार परीक्षण, पुनःपरीक्षण और पूछताछ प्राधिकारी द्वारा परीक्षण किये जाने बाध्य होंगे

(18) पूछताछ प्राधिकारी, कर्मचारी द्वारा प्रकरण समाप्त किये जाने के बाद, और कर्मचारी द्वारा परीक्षण न किये जाने पर, सामान्यतः कर्मचारी के विरुद्ध पेश किये गये परिस्थितियों पर उन्हें प्रश्न कर सकता है ताकि उनके विरुद्ध गवाह उत्पन्न होने की किसी भी परिस्थिति को कर्मचारी स्पष्ट कर सकें।

(19) पूछताछ प्राधिकारी, गवाहों को पेश किया जाना पूर्ण होने के बाद, प्रसेन्टिंग अधिकारी, अगर नियुक्त किया हो तो उन्हें तथा कर्मचारी को सुनेगा या अगर वह चाहेंगे तो, उनके संबंधित प्रकरणों पर लिखित संक्षेप फाइल करने अनुमति प्रदान कर सकता है।

(20) अगर एक कर्मचारी, जिन्हें प्रभार आर्टिकल की प्रति पेश किया गया हो, विनिर्दिष्ट तारीख के पूर्व या को, अपनी रक्षा में लिखित बयान समर्पित नहीं करेंगे या पूछताछ प्राधिकारी के सामने उपस्थिति नहीं होंगे या इस पंक्ति के प्रावधानों के अनुपालन से इनकार करेंगे तो पूछताछ प्राधिकारी एकतरफा पूछताछ आयोजित कर सकता हैं।

(21) (a) जहॉ पंक्ति 6 के अनुच्छेद (i) से (iv) में निर्दिष्ट किसी जुर्माना आरोपित करने सक्षम अनुशासनिक प्राधिकारी, पर पंक्ति के अनुच्छेद (v) से (ix) में निर्धारित किसी भी जुर्माना को आरोपित करने के लिए सक्षम नहीं होंगे, स्वयं पूछताछ किया है या किसी प्रभार के आर्टिकल संबंधित पूछताछ करना पडा है, और उस प्राधिकारी अपने निष्कर्ष पर आधारित करके या अपने किसी राय पर लिये गये निर्णय के अनुसार, उस कर्मचारी पर पंक्ति 6 में अनुच्छेद (v) से (ix) में निर्धारित जुर्माना आरोपित करने का निर्णय लेगा वह उस प्राधिकारी को ऐसे अनुशासनिक कार्यवाही के सभी अभिलेख के साथ अगेषित करेंगे जो अंत में उल्लिखित जुर्मानाओं को आरोपित करने के लिए सक्षम है।

(b) अनुशासनिक अधिकारी जिन्हें ऐसे अभिलेखों को अग्रेषित किया जाता है, वह अभिलेख के गवाह पर कार्यवाही ले सकता है या उनकी राय में, न्याय के हित में किसी गवाहों की पूछताछ जरूरत समझेगा तो, गवाहों को पुनः बुला सकता है और परीक्षण, पार—परीक्षण और पुनःपरीक्षण कर सकता है और इस अध्यादेश के साथ अनुपालन में जो जुर्माना उचित समझेगा उसे कर्मचारी पर आरोपित करेगा।

(22) जब भी एक पूछताछ प्राधिकारी, एक पूछताछ में गवाह के पूर्ण या आंशिक भाग को दर्ज किया है और उसके बाद अधिकार क्षेत्र खो देता है और अन्य एक पूछताछ अधिकारी उसका जगह लेता है जिनका अधिकारी क्षेत्र है, ऐसे पूछताछ अधिकारी अपने पूर्वज से या स्वं दर्ज किये गये गवाह पर कार्य करेगा ।

बशर्ते कि ऐसे उत्त्वर्ती पूछताछ अधिकारी इसराय के है कि न्याय के हित में पूर्व में दर्ज किये गवाह की आगे परीक्षण की जरूरत है तो वह उन्हें पुनःबुला सकता है, परीक्षण, पार—परीक्षण और पुनःपरीक्षण कर सकता है।

(23) (i) पूछताछ की सामाप्ति पर, प्रतिवेदन तैयार की जाएगी और उसमें निम्न उपलब्ध होंगे

(a) प्रभार आर्टिकल और दुव्यर्वहार तथा दुराचार के अभिप्राय संबंधित बयान

(b) प्रभार के प्रत्येक आर्टिकल के संबंध में कर्मचारी की रक्षा

(c) प्रभार के प्रत्येक आर्टिकल के संबंध में गवाहों का आकलन

(d) प्रत्येक प्रभार आर्टिकल पर निष्कर्ष और उसके लिए कारण

स्पष्टीकरण

अगर पूछताछ प्राधिकारी के राय में, पूछताछ संबंधित कार्यवृत्त में प्रभार के मूल आर्टिकल से भिन्न प्रभार के किसी आर्टिकल साबित होती है ऐ प्रभ्झार के आर्टिकल पर निष्पादन को दर्ज कर सकता है।

बशर्ते कि ऐसे प्रभार के आर्टिकल पर निष्कर्ष को जब तक दर्ज नहीं किया जाएगा जब तक कि कर्मचारी, प्रभार के ऐसे आर्टिकलों के आधार को स्वीकृत किया हो या ऐसे प्रभार के आर्टिकल के विरुद्ध स्वयं को रक्षा करने संबंधित पर्याप्त अवसर उन्हें प्रदान किया गया हो।

(ii) पूछताछ प्राधिकारी, जहॉ वह स्वयं अनुशासनिक अधिकारी नहीं है, पूछताछ संबंधित अभिलेख को अनुशासनिक प्राधिकारी को अग्रेषित करेगा जिसमें निम्न सम्मिलित होंगे –

(a) अनच्छेद (i) के अधीन अपने से तैयार किये गये प्रतिवेदन

(b) कर्मचारी द्वारा समर्पित, रक्षा संबंधित लिखित बयान, अगर कुछ हो

(c) पूछताछ के दौरान प्रस्तुत मौखिक तथा दस्तावेजीय गवाह

(d) लिखित टिप्पणी, अगर कुछ हो, जिसे जिस पूछताछ के दौरान, प्रेसेन्टिंग अफसर या कर्मचारी पूर्ति करेंगे या दोनों द्वारा पूर्ति किया जाएंगा

(e) आदेश, अगर अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा कुछ जारी किया गया हो और पूछताछ अधिकारी द्वारा पूछताछ के बारे में किया गया हो

10. (1) प्रशासनिक प्राधिकारी, अगर स्वयं पूछताछ अधिकारी नहीं होंगे तो, लिखित रूप से दर्ज करने योग्य कारणों के लिए, आगे पूछताछ तथा प्रतिवेदन हेतु पूछताछ प्राधिकारी को प्रकरण सौप दे सकता है और पूछताछ अधिकारी जितना हो सकें पंक्ति 9 के प्रावधानों के अनुसार आगे की पूछताछ जारी करेगा।

(2) अनुशासनिक प्राधिकारी, अगर प्रभार के किसी आर्टिकल पर पूछताछ अधिकारी के निष्कर्ष से असहमत होंगे तो ऐसे असहमति के लिए कारण को प्रतिवेदित करेंगे और अगर इस कार्य के लिए प्रतिवेदित गवाह पर्याप्त है तो ऐसे प्रभार पर अपने निष्कर्ष को प्रतिवेदित करेंगे ।

(3) अगर अनुशासनिक अधिकारी जिनके पास सभी प्रभार के आर्टिकल या किसी पर निष्कर्ष उपलब्ध है इस निष्कर्ष पर पहुॅचता है कि पंक्ति 6 के अनुच्छेद (i) से (iv) में निर्धारित किसी भी जुर्माना को कर्मचारी पर आरोपित करना है तो पंक्ति 11 में उपलब्ध किसी भी विषय के बावजूद, ऐसे जुर्माना को आरोपित करके आदेश जारी करेगा।

(4) अगर अनुशासनिक अधिकारी जिनके पास सभी प्रभार के आर्टिकल या किसी पर निष्कर्ष उपलब्ध है इस निष्कर्ष पर पहुॅचता है कि पंक्ति 6 के अनुच्छेद (v) से (ix) में निर्धारित किसी भी जुर्माना को विश्वविद्यालय के कर्मचारी पर आरोपित करना है तो ऐसे जुर्माना आरोपित करते हुए आदेश जारी करेगा और यह आवश्यक नहीं है कि आरोपित करने प्रस्तावित जुर्माना पर प्रतिनिधित्व करने के लिए विश्वविद्यालय कर्मचारी को प्रदान किया जाए।

11. (1) पंक्ति 10 के उप–पंक्ति (3) के प्रावधानों के तहत, पक्ति 6 के परिच्छेद (i) से (iv) में निर्धारित किसी भी जुर्माना को आरोपित नहीं करेंगे जब तक कि

(a) कर्मचारी को उनके विरुद्ध कार्यवाही लेने संबंधित प्रस्ताव को तथा दुर्व्यवहार तथा दुराचार के अभिप्राय जिसपर कार्यवाही लेना प्रस्तावित है के बारे में और प्रस्ताव के विरुद्ध वे जैसे चाहेंगे वैसे प्रतिनिधित्व करने के लिए उन्हें पर्याप्त समय प्रदान करते हुए लिखित तौर पर सूचित करने के बाद

(b) प्रत्येक प्रकरण में पंक्ति 9 के अनुच्छेद (2) व (23) में उल्लिखित तरीके से पूछताछ आयोजित करना, जिसके अनुशासनिक अधिकारी इस राय के है कि पूछताछ अवश्य है।

(c) अनुच्छेद (a) के अधीन कर्मचारी द्वारा समर्पित प्रतिनिधित्व को लेना और विचार के लिए अनुच्छेद (b) के अधीन पूछताछ को, अगर कुछ हो तो दर्ज करना और ।

(d) प्रत्येक दुव्यर्वहार या दुराचार पर निष्कर्ष को दर्ज करना

(2) उपपंक्ति (1) के अनुच्छेद (b) में उपलब्ध किसी विषय के बावजूद, अगर एक प्रकरण में, उप पंक्ति के अनुच्छेद (ए) के अधीन कर्मचारी द्वारा प्रतिनिधित्व, अगर कुछ हो तो उस पर विचार करने के बाद वेतनवृद्धि को स्थगित करने के लिए प्रस्तावित किया जाता है और ऐसे वेतनवृत्ति के स्थगन के कारण से उस कर्मचारी को देय पेंशन की रकम बाधित होने की संभावना है वेतनवृद्धि को तीन वर्ष से अधिक अवधि तक स्थगित करने या किसी अवधि के लिए समेकित प्रभाव से वेतनवृद्धि को स्थगित करने, ऐसे किसी जुर्माना आरोपित करने हेतुं किसी आदेश को तैयार करने से पहले, पंक्ति 9 के उप पंक्ति (3) से (23) में निर्धारित अनुसार पूछताछ आयोजित की जाएगी।

(3) ऐसे प्रकरणों में कार्यवृत्ति अभिलेख में निम्न सम्मिलित होंगे।

(a) उनके विरुद्ध कार्यवाही लेने संबंधित प्रस्ताव के बारे में कर्मचारी को सूचित करने वाले सूचना की प्रति

(b) दुव्यर्वहार और दुराचार के अभिप्राय संबंधित यान की प्रति उन्हें दी जाएगी।

(c) उसका प्रतिनिधित्व, अगर कुछ हो

(d) पूछताछ के दौरान प्रस्तुत गवाह

(e) प्रत्येक दुव्यर्वहार या दुराचार के अभिप्राय पर निष्कर्ष और

(f) प्रकरण से संबंधित आदेश, उसके कारणों के साथ।

12. अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा पारित आदेश कर्मचारी को संप्रेषित की जाएगी जिन्हें अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा आयोजित किसी पूछताछ संबंधित प्रतिवेदन, अगर कुछ हो, की एक प्रति आपूर्ति की जाएगी और प्रत्येक प्रभार आर्टिकल पर निष्कर्ष की एक प्रति, या जहॉ अनुशासनिक प्राधिकारी पूछताछ प्राधिकारी नहीं है, पूछताछ प्राधिकारी के प्रतिवेदन की एक प्रति और अनुशासनिक प्राधिकारी के निकर्ष संबंधित बयान, साथ ही असहमति के लिए संक्षिप्त कारण, अगर कुछ हो, पूछताछ प्राधिकारी के निष्कर्ष के साथ, जब तक कि उन्हें पूर्व में उन्हें आपूर्ति किया गया हो।

13. (1) जहॉ एक प्रकरण में दो या अधिक कर्मचारी संबंधित है, कार्यकारिणी परिषद या किसी अन्य प्राधिकारी जो ऐसे सभी कर्मचारियों पर सेवा से पदच्युति का जुर्माना आरोपित कर सकता है, वह ऐसे एक आदेश पारित कर सकता है जिसमें सामान्य कार्यवृत्त में सभी के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही लेने निर्देश दिया गया हो।

(2) पंक्ति 7 के उप पंक्ति 2 के प्रावधानों के तहत किसी ऐसे आदेश निम्न को निर्दिष्ट करेगा

(i) ऐसे सामान्य कार्यवृत्त के लिए अनुशासनिक प्राधिकारी के रूप में कार्य करने वाले प्राधिकारी

(ii) पंक्ति 6 में विनिर्दिष्ट जुमाना जिन्हें ऐसे अनुंशासनिक प्राधिकारी आरोपित करने के लिए सक्षम हैं

(iii) क्या पंक्ति 9 और पंक्ति 10 या पंक्ति 11 में उल्लिखित प्रक्रिया को कार्यवृत्त में अनुपालन किया जाएगा।

14. पंक्ति 9 और पंक्ति 13 में उल्लिखित किसी विषय के बावजूद

(1) जहॉ आचरण, जो इस दोषसिद्धि या आपराधिक प्रभार की ओर ले चला है, के कारण पर कर्मचारी पर जुर्माना आरोपित की जाती है

(2) जहॉ, लिखित तौर पर दर्ज किये जाने योग्य कारणों के लिए, अनुशासनिक अधिकारी संतुष्ट है कि अध्यादेश में प्रदत्त तरीका के अनुपालन में पूछताछ आयोजन करना व्यावहार्य नहीं है अनुशासनिक अधिकारी द्वारा प्रकरण के परिस्थितियों पर विचार किया जाएगा और जैसे उचित समझा जाये ऐसे आदेश पारित करेगा

15. (1) जहॉ कर्मचारी के सेवाओं को बाह्य प्राधिकारी को दिया जाएगाा (आगे से इस पंक्ति में 'उधार लेने वाले प्राधिकारी से संदर्भित किया जाएगा) उधारा लेने वाले प्राधिकारी को ऐसे कर्मचारी को सस्पेंशन में रखने के लिए नियुक्ति प्राधिकारी का अधिकार तथा उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही आयोजित करने के लिए का अधिकार अनुशासनिक अधिकारी को रहेगा

बशर्ते कि उधार लेने वाले प्राधिकारी विश्वविद्यालय जिसने कर्मचारी की सेवाओं को प्रदान किया उसे ऐसे कर्मचारी को सस्पेंशन में रखने संबंधित परिस्थितियों के बारे में या अनुशासनिक कार्यवाही की शुरूआत, जैसे प्रकरण हो, तुरंत सूचित करेगा।

(2) कर्मचारी के विरुद्ध आयोजित अनुशासनिक कार्यवाही के निष्कर्ष के आलोक में

(i) अगर उधार में लेने वाले अधिकारी इस राय के है कि कर्मचारी पर पक्ति 6 के अनुच्छेद (i) to (iv) में निर्धारित किसी जुर्माना आरोपित करना है तो, विश्वविद्यालय के साथ परामर्श के बाद, जैसे आवश्यकता पडें प्रकरण पर ऐसे आदेश पारित कर सकता है।

बशर्ते कि विश्वविद्यालय और उधार में लेने वाले प्राधिकारी के बीच राय में अंतर हो तो, कर्मचारी के सेवाओं को विश्वविद्यालय के निपटान में प्रतिस्थापित किया जाएगा।

(ii) अगर एक उधार में लेने वाले प्राधिकारी इस राय के है कि कर्मचारी पर पक्ति 6 के अनुच्छेद (v) to (ix) में निर्धारित किसी जुर्माना आरोपित करना है तो वह विश्वविद्यालय के निपटान में उनके सेवाओं को पुनःस्थापित करेगा और पूछताछ के कार्यवृत्तों को उन्हें अंतरित करेगा और इसके बाद विश्वविद्यालय ऐसे आदेश को पारित कर सकता है जिसे वह आवश्यक समझें

बशर्ते कि, ऐसे आदेश पारित करने के पूर्व, प्रशासनिक प्राधिकारी पंक्ति 10 के उप—पक्ति (3) और (4) के प्रावधानों का अनुपालन करेगा।

स्पष्टीकरण : उधार लेने वाले प्राधिकारी द्वारा उन्हें संप्रेषित पूछताछ के अभिलेख पर, जैसे आवश्यकता समझें आगे की पूछताछ आयोजित करते हुए, अनुशासनिक प्राधिकारी इस अनुच्छेद के अधीन आदेश पारित कर सकता है जिस हद तक हो यह पंक्ति 9 के साथ अनुपालन में हो।

16. (1) जहॉ एक सस्पेंशन आदेश जारी किया जाता है या कर्मचारी जिनकी सेवाओं को उधार में देने वाले बाह्य प्राधिकारी से उसकी सेवाओं को उधार में लिया गया है के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही आयोजित की जाती है (आगे इस पंक्ति में 'उधार देने वाले प्राधिकारी' से संदर्भित किए जाएँगे) उधार देने वाले प्राधिकारी को, कर्मचारी को सस्पेंशन आदेश जारी करने की ओर ले जाने वाले परिस्थितियों के बारे में या अनुशासनिक कार्यवाही की शुरूआत के बारे में, जैसे प्रकरण हो, तुरंत सूचना दिया जाएगा

(2) अगर, कर्मचारी के विरुद्ध आयोजित अनुशासनिक कार्यवाही में निष्कर्ष के संदर्भ में, अनुशासनिक प्राधिकारी इस राय के है कि पंक्ति 6 में अनुच्छेद (i) से (iv) में निर्दिष्ट किसी जुर्माना का उनपर आरोपित किया जाना है, वह, पंक्ति 10 के उप पंक्ति (3) के प्रावधानों के तहत, उधार देने वाले प्राधिकारी के साथ परामर्श के बाद, जैसे आवश्यकता हो प्रकरण पर आदेश पारित कर सकता है।

(i) बशर्ते कि विश्वविद्यालय और उधार देने वाले प्राधिकारी के बीच राय में अतर हो तो आगे की कार्यवाही के लिए उधार देने वाले प्राधिकारी के निपटान में कर्मचारी की सेवाओं को दी जाएगी। बशर्ते कि भा स वि अधिनियम 2008 की धारा 49(i) के अधीन विश्वविद्यालय को स्थाई रूप से अंतरित प्रतिनियुक्तिकार माने वाले जाने वाले व्यक्तियों के लिए लागू नहीं होगी। प्रतिनियुक्तिकारों के प्रकरण में, विश्वविद्यालय और पोत महा निदेशक के बीच राय में अंतर होने पर, इस विषय को पोत मत्रालय से संदर्भित किया जाएगा जिसका निर्णय अंतिम होगी।

(ii) अगर अनुशासनिक अधिकाारी इस राय के है कि कर्मचारी पर पंक्ति 6 के अनच्छेद (v) से (ix) में निर्दिष्ट जुर्माना को आरोपित करना है तो वह जैसे आवश्यक समझे ऐसे कार्यवाही हेतु उधार देने वाले प्राधिकारी को कार्यवृत्त संप्रेषित करेगा

भाग 5 अपील

17. इस भाग में उपलब्ध किसी भी विषय के बावजूद, निम्न के विरुद्ध कोई अपील मान्य नहीं होगी

(i)कार्यकारिणी परिषद द्वारा पारित किसी आदेश

(ii) सस्पेंशन आदेश के अलावा वादकालीन प्रकृति के अन्य किसी आदेश

(iii) पंक्ति 9 के अधीन पूछताछ के दौरान पूछताछ अधिकारी द्वारा पारित किसी आदेश

18. पंक्ति 17 के प्रावधानों के तहत,एक कर्मचारी निम्न या सभी आदेशों के विरुद्ध अपील करा सकता है नाम से

(i) पंक्ति 5 के अधीन जारी किये गये या जारी किये गये माने जाने वाले सस्पेंशन आदेश

(ii) अनुशासनिक प्राधिकारी या अपेलेट प्राधिकारी द्वारा पंक्ति 6 में निर्दिष्ट जुर्मानामें से किसी को आरोपित करने वाले आदेश

(iii) पंक्ति 6 के अधीन आरोपित जुर्माना को विकसित करने वाले आदेश

(iv) एक आदेश जो

(a) नियम या समझौते के जरिये जैसे नियंत्रित उनकी अन्य सेवा शर्तों या वेतन, भत्ता, पेंशन में उसको हानि पहुॅचाने के जैसे इनकार या भिन्नता या

(b) ऐसे नियम या समझौते के प्रावधानों के लिए उसको हानि पहुॅचाने जैसे अर्थ निकाला जाना

(v)एक आदेश

(a) बॉर को पार करने संबंधित उनकी अनर्हता के कारण पर वेतन के समय स्केल में दक्षता बॉर पर उन्हें रोकना

(b) पंक्तियों के अधीन उन्हें अनुमत्य अधिकतम पेंशन को इनकार करना या पेशान को कम करना या स्थगित करना

(c) जुर्माना के रूप में, उच्च श्रेणी या पद में कार्यरत वक्त, निछले श्रेणी या पद में पूवर्वत करना

(d) सस्पेंशन की अवधि के लिए या अवधि जिसके निए उन्हें सस्पेंशन के अधीन माना जाता है उस अवधि के लिए या उसके किसी अंश के लिए उन्हें देय सब्सिस्टेन्स भत्ता या अन्य भत्ताओं को निर्धारित करना

(e) उसके वेतन और भत्ता को निर्धारित करना :

i. सस्पेंशन की अवधि के लिए या

ii. उसकी सेवा से पदच्युति, निष्कासन या अनिवार्य सेवानिवृत्ति की तारीख से अवधि के लिए या उनके निछले श्रेणी, पद, समय–स्केल या समय–स्केल वेतन में स्तर पर अवनति की तारीख से उनके श्रेणी या पद में पुनःस्थापन या पुनःस्थापित किये जाने की तारीख तक या

(f) इसे निर्धारित करना कि यदि सस्पेंशन की तारीख से या उसके पदच्युति, निष्कासन, अनिवार्य सेवानिवृत्ति की तारीख से या निछले श्रेणी, पद, वेतन के समय–स्केल या वेतन में समय'–स्केल में स्तर को अवनति की तारीख से सेवा, श्रेणी या पद में उनकी पुनःस्थापन तक की अवधि को किसी कार्यों के लिए सेवा में रहे अवधि माना जाएगा कि नही।

स्पष्टीकरण : इस पक्ति में, 'कर्मचारी' अभिक्ति में विश्वविद्यालय की सेवाओं में से बिछुडे व्यक्ति भी सम्मिलित होंगे।

'पेंशन ' अभिव्यक्ति में अतिरिक्त पेंशन, सेवोपहार और किसी अन्य सेवानिवृत्ति लाभ सम्मिलित होंगे।

19. (1) एक कर्मचारी, जिसमें विश्वविद्यालय के सेवा में से बिछुडे व्यक्ति सम्मिलित होंगे, संबंधित कार्यकारिणी परिषद या नियुक्ति प्राधिकारी को पक्ति 18 में निर्दिष्ट किसी या सभी आदेशों के विरुद्ध अपील पेश कर सकता है

(2) तथापि उप पंक्ति (1) में उपलब्ध किसी विषय –

(a) पंक्ति 13 के अधीन आयोजित सामान्य कार्यवृत्त में आदेश के विरुद्ध अपील इस प्राधिकारी के सामने मान्य होगी, जिसके अधीन, कार्यवाही के कार्यों के लिए अनुशासनिक प्राधिकारी के रूप में कार्यरत प्राधिकारी तुरंत अधीनस्थ है।

(b) जहॉ व्यक्ति जिससे पारित आदेश के विरुद्ध अपील की जाती है, अपने अगले नियुक्ति या अन्यथा के कारण से, ऐसे आदेश के लिए अपेलेट प्राधिकारी बन जाते है, ऐसे आदेश के विरुद्ध अपील ऐसे प्राधिकारी के सामने मान्य होगी, जिस प्राधिकारी का इस व्यक्ति तुरंत अधीनस्थ है।

20. इस भाग के अधीन किसी भी अपील को स्वीकृत नहीं की जाएगी, जब तक कि आदेश की प्रति, जिसके विरुद्ध अपील की जाती है की अपेलेटन्ट को डेलिवरी की तारीख से साठ दिनों के अन्दर अपील पेश की जाएगी।

बशर्ते कि अपेलेट प्राधिकारी ऐसे अवधि की समाप्ति के बाद भी अपील को स्वीकृत करेंगे जबकि वह संतुष्ट हो कि समय में अपील न किये जाने के लिए पर्याप्त कारण उपलब्ध है।

21. (1) प्रत्येक व्यक्ति जो अपील करना चाहेगा वह व्यक्तिगत रूप से अपने ही नाम से करेगा।

(2) अपील उस प्राधिकारी के सामने पेश किया जाएगा जिनसे अपील कर सकते है और एक प्रति अपेलेंट द्वारा आदेश जिसके विरुद्ध अपील किया जा रहा है को पारित करने वाले प्राधिकारी को एक प्रति अग्रेषित किया जाएगा। इसके कोई मर्यादाहीन या अनुचित भाषा का प्रयोग नहीं की जाएगी और इन्हें स्वतः परिपर्तण होना है।

(3) प्राधिकारी जिन्होंने अपील किये हुए आदेश पारित किया, वह अपील प्रति प्राप्त होते ही, उसे संबंधित अभिलेख के साथ, अपलेट को किसी परिहार्य विलंब के बिना तथ्ज्ञा अपेलेट प्राधिकारी से किसी निर्देश के बिना, अपने टिप्पणियों के साथ अग्रेषित करेगा

22.(1) सस्पेंशन आदेश के विरुद्ध अपील के प्रकरण में अपेलेट अधिकारी द्वारा पंक्ति 5 के प्रावधानों पर तथा प्रकरण के परिस्थिति के संबंध में विचार किया जाएगा कि सस्पेपंशन आदेश न्यायसंगत है या नहीं और या तो आदेश को पुष्टि करेगा या रद्द करेगा।

(2) पंक्ति 6 में निर्धारित किसी जुर्माना आरोपित करते हुए आदेश के विरुद्धया उपर्युक्त पंक्ति के अधीन आरोपित किये गये जुर्माना को विकसित करने संबंधित अपील के प्रकरण में अपेलेट प्राधिकारी निम्न पर विचार करेगा

(a) क्या इस अध्यादेश में निर्धारित प्रक्रिया का अनुपालन किया गया है

(b) अभिलेख पर गवाह द्वारा अनुशासनिक प्राधिकारी के निष्कर्ष अनुबद्ध है कि नहीं और

(c) जुर्माना या विकसित जुर्माना जिसे आरोपित किया गया है वह पर्याप्त है कि अपर्याप्त है या गंभीर है तथा आदेश पारित करना

(i) जुर्माना का पुष्टिकरण, विकास, घटाव या रद्दीकरण या

(ii) जुर्माना को आरोपित किये या विकसित किये प्राधिकारी को या किसी अन्य प्राधिकारी को प्रकरण के परिस्थितियों में उचित समझे जाने वाले ऐसे निर्देशों के साथ प्रकरण प्रेषित करना

बशर्ते कि

(i) अगर ऐसे विकसित जुर्माना , जिसे अपेलेट प्राधिकारी आरोपित करने के लिए प्रस्तावित करता है, वह पंक्ति 6 में अनुच्छेद (v) से (ix) में विनिर्दिष्ट जुर्मानों में से एक है और इस प्रकरण में पंक्ति 9 के अधीन पूछताछ पूर्व में किया गया है, अपेलेट प्राधिकारी द्वारा, पंक्ति 14 के प्रावधानों के तहत ऐसे पूछताछ आयोजित करेगा या

पंक्ति 9 के प्रावधानों के साथ अनुपालन में ऐसे पूछताछ आयोजित करने के लिए निर्देश देगा और इसके बाद, ऐसे पछताछ के कार्यवृत्त पर विचावर करने के बाद और अपेलेन्ट को ऐसे पूछताछ के दौरान उद्धृत गवाहों के आधार पर प्रस्तावित जुर्माना के विद्ध प्रतिनिधित्व के लिए पंक्ति 10 के उप–पंक्ति (4) के प्रावधानों के अनुपालन में जितना हो सकें उतना अवसर प्रदान करने के बाद, जैसे उचित समझें आदेश पारित करेगा।

(ii) किसी भी प्रकरण में विकसित जुर्माना आरोपित करते हुए कोई आदेश पारित नहीं की जाएगी जब तक कि ऐसे विकसित जुर्माना के विरुद्ध प्रतिनिधित करने के लिए पंक्ति 11 के प्रावधानों के साथ अनुपालन में अपेलेंट को जितना हो सकें, उतना अवसर प्रदान किया गया हो,

(iii) पंक्ति 18 में विनिर्दिष्ट किसी अन्य आदेश के विरुद्ध अपील में, अपेलेट अधिकारी द्वारा प्रकरणों की परिस्थितियों पर विचार किया जाएगा और उचित तथा न्यायसंगत पाये जाने वाले आदेश पारित किया जाएगा।

23. प्राधिकारी जिसने उसके विरुद्ध अपील किये आदेश पारित किया, वह अपीलेट प्राधिकारी द्वारा पारित आदेश को प्रभावी करेगा।

भाग 6 पुनरीक्षण और संशोधन

24. (A) (1) इस अध्यादेश में उपलब्ध किसी विषय के आवजूद,

(i) कार्यकारिणी समिति या

(ii) अपेलेट प्राधिकारी, पुनरीक्षण हेतु प्रस्तावित आदेशों की तारीख से छ महीने के अन्दर, किसी भी समय, अपने ही मोशन में या अन्यथा किसी पूछताछ संबंधित अभिलेख की मॉग कर सकता है और इस अध्यादेश के अधीन जारी किये गये किसी भी आदेश, जिसके लिए अपील अनुमत्य हो, पर जिसके लिए किसी अपील संदर्भित न हो, को पुनरीक्षित कर सकता है और

(a) आदेश को पुष्टि करना, संशोधन करना या रद्द करना या

(b) आदेश द्वारा आरोपित किसी भी जुर्माना को पुष्टि करना, कम करना या विकसित करना या रद्द करना या जहॉ जुर्माना नहीं लगाया गया है उस प्रकरण में जुर्माना लगाना या

(c) प्रकरण को उस प्राधिकारी को प्रेषित करें जिन्होंने आदेश पारित किया या ऐसे प्राधिकारी को प्रकरणों की परिस्थिति में उचित माने जाने वाले आगे की पूछताछ करने के लिए ऐसे प्राधिकारी को निर्देश देते हुए प्रेषित करें या

(d) ऐसे आदेश पारित करें जो उन्हें उचित लगें

बशर्ते कि जुर्माना आरोपित करते हुए या विकसित करते हुए किसी आदेश पुनरीक्षण प्राधिकारी द्वारा जारी नहीं की जाएगी जब तक कि संबंधित कर्मचारी को प्रस्तावित जुर्माना के विरुद्ध प्रतिनिधित्व करने के लिए उचित अवसर प्रदान किया गया हो और जहॉ पंक्ति 6 के अनुच्छेद (v) से (ix) में विनिर्दिष्ट किसी जुर्माना को आरोपित करना या पुनरीक्षण की मॉग पेश किये उस आदेश में विनिर्दिष्ट किसी जुर्माना को उन अनुच्छदों में विनिर्दिष्ट किसी भी जुर्माना के रूप विकसित करना प्रस्तावित है, पंक्ति 9 में निर्धारित तरीके सें पूछताछ के बिना तथा पूछताछ के दौरान प्रस्तुत किये गये गवाहों के आधार पर प्रस्तावित जुर्माना के विरुद्ध कारण बताने संबंधित कर्मचारी को पर्याप्त अवसर प्रदान किये बिना, ऐसे कोई जुर्माना आरोपित नहीं की जाएगी।

(2) पुनरीक्षण के लिए किसी कार्यवाही को निम्न के बाद शुरू की जाएगी

(i) अपील के लिए समायावधि सीमा की समाप्ति पर या

(ii) अपील के निपटान पर जहॉ ऐसे अपील के लिए अधिमान्यता दिया गया हो।

(3) पुनरीक्षण के लिए आवेदन को, इस अध्यादेश के अधीन अपील के उसी तरीके के अनुसार व्यवहार किया जाएगा।

(B) (1) इस अध्यादेश के अन्य प्रावधानों के तहत, अगर तथ्य की त्रुटि उपलब्ध होते हुए पहचाने जाने पर या कानूनी या गणितीय त्रुटि पाने पर या लेखक की त्रृटि या अभिलेख के फेस पर अन्य गलतियों के कारण से अपने द्वारा जारी किये गये किसी आदेश को पुनरीक्षण करने का अधिकार कार्यकारिणी परिषद को है। ऐसे पुनरीक्षण को, इसे आदेश की प्राप्ति से तीस दिनों के अन्दर बाधित दल द्वारा पेश किये गये अर्जी के आधार पर एक बार मात्र की जाएगी।

(2) पुनरीक्षण संबंधित अधिकार को कदाचित प्रकरणों में मात्र ही उपयोग किया जाना है और तभी तब कार्यकारिणी परिषद इससे संतुष्ट है कि सामग्रीय त्रुटि के परिणामस्वरूप गलत आदेश पारित किया गया है। पूर्व में उपलब्ध अभिलेखों पर आधारित करके तथा पुनरीक्षण अर्जी में पेश किये गये बिन्दुओं के तहत, कार्यकारिणी परिषद द्वारा पूर्व निर्णय पर पुनःविचार के प्रकरण के अलावा, प्रकरण को पुनःखोला नहीं जाएगा ।

भाग 7 — फुटकर

25. इस अध्यादेश के अधीन जारी किये गये प्रत्येक आदेश, नोटिस और अपनाये गये अन्य प्रक्रिया को संबंधित कर्मचारी पर व्यक्तिगत रूप से सर्व किया जाएगा या पजींकृत डाक/ई—मेल के जरिये संप्रेषित किया जाएगा और ऐसे डेलिवरी तरीके को उचित सेवन माना जाएगा।

26. इस अध्यादेश में स्पष्ट रूप से प्रदत्त किये जाने के अलावा, इस अध्यादेश के अधीन सक्षम अधिकारी, उचित तथा पर्याप्त कारणों के लिए या पर्याप्त कारण दिखाया जाए तो, इस अध्यादेश में विनिर्दिष्ट समय को विस्तार कर सकता है या किसी विलंब को माफ कर सकता है।

27. अगर इस अध्यादेश के किसी प्रावधानों के अर्थ लेने में किसी शंका हो तो, इस विषय को कार्यकारिणी परिषद से संदर्भित किया जाएगा जो इसपर निर्णय लेगा और उसका निर्णय अंतिम होगी।":

टिप्पणी : प्रशासनिक विषयों को व्यवस्थित करने वाले अध्यादेश के अध्याय 3 में प्रकाशित अधिसूचना सं.76 दि मई 12 2009 को एतद्वारा रद्द की जाती है।

अध्यादेश 08/2017

(कार्यकारिणी परिषद संकल्प सं.ईसी 2017—38—32 दि 28.03.2017)

समकुलपति पद के लिए नियुक्ति नियम

(1)	पद का नाम	सम—कुलपति
(2)	पदों की संख्या	1 (भा स वि मुख्यालय में, चेन्नई)
(3)	वर्गीकरण	दल ए
(4)	वेतनमान	केन्द्रीय विश्वविद्यालय के प्रोफसर का (वर्तमान एजीपी रु.10000—12000 के साथ वेतन बैंड रु. 37400—67000) (विसिटर से अनुमोदन के साथ)
(5)	चयन पद या गैर—चयन पद है	चयन पद
(6)	सीधे नियुक्ति के लिए आयु सीमा	अधिकतम 60 वर्ष (उचित प्रकरणों में 2 वर्ष तक कुलपति द्वारा छूट दिया जा सकता है।)
(7)	सीधे नियुक्ति के लिए आवश्यक शैक्षिक तथा अन्य योग्यताएँ	भा स वि में प्रोफसर रहना है या भा स वि के किसी भी स्कूल ऑफ स्टडीज में प्रोफसर के रूप में नियुक्ति के अर्हता रहना है।
(8)	प्रतिनियुक्तिकारों के प्रकरण मे, क्या सीधे नियुक्ति के लिए निर्धारित आयु सीमा तथा शैक्षिक योग्यताएँ लागू होगी?	हॉ
(9)	नियुक्ति तरीका	सीधे नियुक्ति के जरिये या लेटरल अंतरण के जरिये या नियमित तौर पर समरूप पद वहन करने वाले व्यक्ति के प्रतिनयुक्ति के जरिये
(10)	चयन समिति/ विभागीय पदोन्नति समिति का गठन	लागू नहीं कानून 4(1) के अनुसार, कुलपति की सिफारिश पर कार्यकारिणी परिषद द्वारा समकुलपति को नियुक्त किया जाता है।
(11)	कार्यालयीन अवधि	कार्यकारिणी समिति द्वारा जैसे निर्णय लिया जाएगा, पर किसी भी प्रकरण में 5 वर्ष से अधिक नहीं होगी या कुलपति के कार्यालयीन अवधि समाप्त हो, जो भी पूर्व हो। बशर्ते कि समकुलपति जिसकी कार्यालयीन अवधि समाप्त हो चुकी हो, वह फिर से पुनःनियुक्ति के लिए अर्ह होंगे।

		बशर्ते कि आगे किसी प्रकरण में, सम कुलपति 65 वर्ष उम्र होने पर सेवानिवृत्त प्राप्त करेंगे बशर्ते यह भी कि कानून 2 के अनुच्छेद 6 के अधीन, कुलपति की दायित्वों को डिस्चार्ज करते वक्त समकुलपति, उसके समकुलपति के रूप में कार्यालयीन अवधि पूर्ण होने पर भी नये कुलपति या कुलपति जब तक कार्यालय ग्रहण करेंगे, जैसे प्रकरण हो, तब तक कार्य संभालेंगे।

अध्यादेश 09 / 2017

(कार्यकारिणी परिषद संकल्प सं.ईसी 2017–39–04दि 14.06.2017)

"सिफारिश करते वक्त चयन समिति द्वारा अनुपालन किये जाने योग्य प्रक्रिया को निर्धारित करने वाले अध्यादेश

1. संरचना : विशिष्ट पद में नियुक्ति के लिए चयन समिति की संरचना उस पद के लिए नियुक्ति नियम निर्धारित करने वाले अध्यादेश कि अनुसार या कानून 21 (2) में निर्धारित अनुसार की जाएगी।

2. चयन समिति में नामांकितों का कार्यकाल : चयन समिति में नामांकितों का कार्यकाल 3 वर्ष की होगी।

3. **बैठक का आयोजन :** कुलपति द्वारा या उनकी अनुपस्थिति में सम कुलपति द्वारा (कानून 21 (4) के अनुसार) चयन समिति की बैठक आयोजित की जाएगी।

4. बैठक के लिए सूचना : सामान्यतः सात दिनों की समयावधि देते हुए चयन समिति के सभी सदस्यों को बैठक संबंधित सूचना कुलसचिव जारी करेगा।

5. बैठक का स्थान : विभिन्न पदो के लिए चयन समिति चयन में भा स वि के मुख्यालय में आयोजित किया जाएगी या उसके किसी परिसर में आयोजित की जाएगी। विशेष प्रकरणों में, कुलपति के विवेकानुसार, चयन समिति भारत या विदेश में किसी जगह में आयोजित की जा सकती है।

6. बैठक की अध्यक्षता : कुलपति या उसकी उपस्थिति में, चयन समिति की बैइक में सम कुलपति अध्यक्षता ग्रहण करेंगे। (कानून 21 (3) के अनुसार)

7. कोरम

   a. कुलपति या समकुलपति की उपस्थिति पर ही चयन समिति की बैठक मान्य होगी।

   b. कानून 21 (2) में उल्लिखित पदो के लिए, चयन समिति के कार्यवृत्ति को तब तक मान्य नहीं मानेंगे जब तक कि

      i. जहॉ आगंन्तुक नामितियों की संख्या और कार्यकारिणी परिषद द्वारा नामांकित व्यक्तियों की संख्या कुल 4 होंगे, उसमें से कम से कम 3 बैठक में उपस्थित हो और

      ii. जहॉ आगंन्तुक नामितियों की संख्या और कार्यकारिणी परिषद द्वारा नामांकित व्यक्तियों की संख्या कुल 3 होंगे, उसमें से कम से कम 2 बैठक में उपस्थित हो

   c. अन्य सभी पदो के लिए, कोरम एन–2 होगी, जहॉ एन विशिष्ट पद के लिए चयन समिति में सदस्यों की संख्या होगी।

8. आवेदनों की लघुसूचीयन : जहॉ आगंन्तुक नामितियों की संख्या और कार्यकारिणी परिषद द्वारा नामांकित व्यक्तियों की संख्या कुल 4 होंगे, उसमें से कम से कम 3 बैठक में उपस्थित हो और

   a. कुलपति द्वारा नियुक्त एक 'स्क्रीनिंग समितिः द्वारा आवेदनों की संवीक्षा की जाएगी । संबंधित पद के लिए नियुक्ति नियमों को निर्धारित करने वाले अध्यादेश के अनुसार अभ्यर्थियों की लघुसूचीयन की जाएगी।

b. बडी संख्या में अभ्यर्थियों को व्यक्तिगत साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने पर, उपरोक्त पंक्ति 8 (ए) में व्याख्याकृत अनुसार 'स्क्रीनिंग समिति ' उनकी शैक्षिक निष्पादन और/या कार्य अनुभव और/या किसी अन्य मापदंड जो वे उचित समझें, पर आधारित करके अभ्यर्थियों की लघुसूचीयन करने के लिए उचित तरीका उपयोग करने हेतु अधिकृत होंगे।

c. एक विशिष्ट पद के लिए अभ्यथी की अर्हता के संबंध में कुलपति का निर्णय अंतिम होगा।

9. **मूल्यांकन और नामों की सिफारिश**

a. अभ्यर्थियों के शैक्षिक प्रोफाइल, कार्य अनुभव और/या उसके लिखित परीक्षा में निष्पादन और/या प्रदर्शन और /या कार्यकारिणी परिषद को सिफारिश करने के लिए व्यक्तिगत साक्षात्कार हेतु चयन समिति द्वारा उचित, तर्कसंगत तथा अब्जेक्टिव तरीका का निर्धारण किया जा सकता है।

b. योग्य अभ्यर्थियों के प्रकरण में, ऐसे अभ्यर्थियों के लिए 5 वेतनवृद्धि तक प्रदान करने के लिए कार्यकारिणी समिति को स्क्रीनिंग समिति द्वारा सिफारिश की जाएगी।

c. चयन समिति बैठक के कार्यवृत्त को उसके विचार और सिफारिश हेतु कार्यकारिणी परिषद के सामने पेश किया जाएगा।

d. कार्यकारिणी परिषद द्वारा अनुमोदन के बाद ही नियुक्ति आदेश जारी की जाएगी। अगर ऐसे आवश्यकता पडें तो, ऐसे अनुमादन को इन—सर्कुलेशन में भी प्राप्त कर सकते हैं

e. योग्यता क्रम में प्रतीक्षा सूची में रखने हेतु उचित नामों को चयन समिति सिफारिश कर सकता है। अगर मुख्य सूची में किसी व्यक्ति (ों) काम पर लगने से इनकार करता है तो, प्रतीक्षा सूची में अगले व्यक्ति (ों) को नियुक्ति आदेश जारी कर सकते है, जो कार्यकारिणी परिषद के अनुमोदन की तारीख से एक वर्ष तक मान्य होगी।

10. कानून या इस अध्यादेश में अनुल्लिखित किसी भी विषय के संबंध में प्रक्रिया को निर्धारित करने संबंधित अधिकारी कुलपति को है।

अध्यादेश 10/2017

(कार्यकारिणी परिषद संकल्प सं.ईसी 2017—39—09 दि 14.06.2017)

विश्वविद्यालय परीक्षाओं के आयोजित के लिए जिम्मेदार विभिन्न प्राधिकारियों की भूमिकाएँ, दायित्व व जिम्मेदारियों को निर्धारित करनेवाले

अध्यादेश

1. प्राधिकारीगण : विश्वविद्यालय के परीक्षाओं को आयोजित करने के लिए प्राधिकारी निम्न होंगे।

a. प्रश्नपत्र तैयार करने वाले

b. मध्यस्थक

c. आंचलिक सहसमन्वयक

d. मूल्यांकनकर्ता

e. मुख्य संचालक

f. निरीक्षक

g. अब्सर्वर

h. फलाइंग स्क्वाड

2. **विभिन्न प्राधिकायों के नियुक्त्यिॉं, भूमिका और जिम्मेदारियॉं**

a. **प्रश्न पत्र तैयार करनेवाले**

i. कुलपति द्वारा अनुमोदन प्राप्त नामों के पेनल में से परीक्षा नियंत्रक द्वारा प्रश्न पत्र तैयार करने वाले की नियुक्ति की जाएगी।

ii. भा स वि के किसी भी परिसर में स्थाई / ठेके / आगन्तुक संकाय के रूप कार्यरत किसी भी व्यक्ति या कम से कम एक सत्र के लिए 5 श्रेणीकृत संबद्ध संस्थाओं में कार्यरत व्यक्ति, प्रश्न पत्र तैयार करने वाले के रूप में नियुक्ति हेतु पात्र होंगे।

iii. 'प्रश्न पत्र तैयार करनेवाले' पाठ्यक्रम के साथ अनुपालन में विभिन्न परीक्षाओं के लिए प्रश्न पत्र की तैयारी तथा उत्तर कुजियों की तैयारी के लिए जिम्मेदार होंगे । प्रश्न पत्र की तेयारी और उत्तर कुंजियों की तैयारी के संबंध में 'प्रश्नपत्र तैयार करने वाले ' को परीक्षा नियंत्रक द्वारा जारी विस्तार निर्देश का सख्त अनुपालन करना है।

b. **मध्यस्थक**

i. कुलपति द्वारा अनुमोदित नामों के पेनल से परीक्षा नियंत्रक द्वारा मध्यस्थकों की नियुक्ति की जाएगी।

ii. भा स वि के किसी भी परिसर में स्थाई / ठेके / आगन्तुक संकाय के रूप कार्यरत किसी भी व्यक्ति या कम से कम एक सत्र के लिए 5 श्रेणीकृत संबद्ध संस्थाओं में कार्यरत व्यक्ति मध्यस्थक के रूप में नियुक्ति हेतु पात्र होंगे।

iii. 1. कठिनाई का स्तर 2. भाषा में सुधार और 3. प्रश्नों की कठिनाई स्तर के साथ प्रश्न के लिए आबंटित अंक अनुरूप है कि नहीं, इन सभी को ध्यान में रख्ते हुए मध्यस्थक प्रश्न पत्रों और उत्तर कुंजी को मध्यस्थ करने के लिए जिम्मेदार होंगे ।

c. **आंचलिक सहसमन्वयक**

i. 'आंचलिक सहसमन्वयक ' के पर्यवेक्षण के अधीन भा स वि परिसरों में मूल्यांकन की जाएगी।

ii. कुलपति द्वारा अनुमोदित नामों के पेनल से परीक्षा नियंत्रक द्वारा 'आंचलिक सहसमन्वयक' की नियुक्ति की जाएगी।

iii. मूल्यांकनकर्ताओं को उत्तर पुस्तिकाएँ वितरण किया जाना, मूल्यांकन स्वतंत्र तथा निष्पक्ष रूप से निर्धारित समय के अन्दर किया जाना सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी आंचलिक सहसमन्वयक की हागी। प्रश्न पत्रों के मूल्यांकन के संबंध में परीक्षा नियंत्रक द्वारा 'आंचलिक सहसमन्वयकों 'को जारी किये गये विस्तार निर्देशोंका स,त अनुपालन करना है।

d. **मूल्यांकनकर्ता**

i. कुलपति द्वारा अनुमोदित नामों के पेनल मेंसे परीक्ष नियंत्रक द्वारा मूल्यांकर्ताओं की नियुक्ति की जाएगी।

ii. भा स वि के किसी भी परिसर में स्थाई / ठेके / आगन्तुक संकाय के रूप कार्यरत किसी भी व्यक्ति या कम से कम एक सत्र के लिए 5 श्रेणीकृत संबद्ध संस्थाओं में कार्यरत व्यक्ति मूल्यांकनकर्ता के रूप में नियुक्ति हेतु पात्र होंगे।

iii. उत्तर पुस्तिकाओं के उचित मूल्यांकन के लिए मूल्यांकनकर्ता होंगे।

e. **मुख्य संचालक**

i. कुलपति द्वारा अनुमोदित नामों के पेनल में से परीक्षा नियंत्रक द्वारा मुख्य संचालकों की नियुक्ति की जाएगी।

ii. 'मुख्य संचालक' सामान्यतः भा स वि परिसरों में किसी असोसियेट प्रोफसर या उच्च अधिकारी या संबद्ध संस्था के प्रधानाध्यापक होंगे। अगर किसी कारण से प्रधानाध्यापक अनुपलब्ध है तो, अगले वरिष्ठ संकाय को 'मुख्य संचालक' प्रभार दिया जाएगा। पर भी, इस विकल्प का कदाचित उपयोग किया जाएगा और नियमित तौर पर उपयोग नहीं किया जाएगा।

iii. परीक्षाओं को सुचारू तथा उचित तौर पर संचालन करने की जिम्मेदारी 'मुख्य संचालक': की होगी। लिखित रूपा में, दुराचार संबंधित सभी प्रकरणों का परीक्षा नियंत्रक को प्रतिवेदित करने संबंधित जिम्मेदारी उनकी है। विलंब के बिना प्रत्येक परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिकाओं को डेस्पेच करने की जिम्मेदारी उनकी है।

iv. 'मुख्य संचालक ' के दायित्वों तथा जिम्मेदारियों के संबंध में परीक्ष नियंत्रक द्वारा जारी विस्तार निर्देशनों का सख्त अनुपालन करना है।

v. परीक्षाओं के लिए 'हाल सूपरिटेन्डेन्ट ' या 'निरीक्षकों ' की नियुक्ति संबंधित जिम्मेदारी मुख्य संचालक की होगी। परीक्षा लिखते वक्त अनुपालन किये जाने योग्य नियमों के बारे में विद्यार्थियों को अवगत करने की जिम्मेदारी, विद्यार्थियों के बीच उचित दूरी सुनिश्चित करने और किसी प्रकार के अनाचार को रोकने संबंधित जिम्मेदारी 'हॉल सूपरिटेन्डन्ट' या निरीक्षक की होगी।

vi. 'हॉल सूपरिटेन्डेन्ट' या निरीक्षक को परीक्षाएँ, पदवीदान तथा अन्य विभिन्न प्रकार्यों के लिए शुल्क व पारिश्रमिक निर्धारित करने वाले हाल ही के अध्यादेश सं.19/105 के अनुसार पारिश्रमिक दी जा सकती है।

f. **हॉल सूपरिटेन्डेन्ट (निरीक्षक)**

i. 'हॉल सूपरिटेन्डेन्ट (निरीक्षकों) की नियुक्ति परीक्षा केन्द्र के मुख्य संचालक द्वारा किया जाएगा।

ii. परीक्षा लिखते वक्त अनुपालन किये जाने योग्य नियमों के बारे में विद्यार्थियों को अवगत करने की जिम्मेदारी, विद्यार्थियों के बीच उचित दूरी सुनिश्चित करने और किसी प्रकार के अनाचार को रोकने संबंधित जिम्मेदारी हॉल सूपरिटेन्डन्ट की होगी।

g. **अब्सर्वर**

i. कुलपति द्वारा अनुमोदित नाम पेनल में से परीक्षा नियंत्रक द्वारा विश्वविद्यालय अब्सर्वरों की नियुक्ति की जाएगी।

ii. भा स वि परिसरों या 5 उच्च श्रेणीकृत संबंद्ध संस्थाओं के संकाय या शैक्षिक सहायता कर्मचारियों में से उनकां चयन किया जाएगा

iii. विश्वविद्यालय द्वारा समय समय पर जारी मार्गदर्शिकाओं और नियंत्रणों के अनुसार संबंद्ध संस्थाओं में परीक्षाओं के उचित तथा सुचारू संचालन के लिए अब्सर्वर जिम्मेदार होंगे।

h. **फलाइंग स्क्वाड**

i. कुलपति द्वारा अनुमोदित नामों के पेनल से परीक्षा नियंत्रक द्वारा फलाइंग स्क्वाड का गठन किया जाएगा।

ii. फलाइंग स्क्वाड के सदस्यों को दल ए अधिकारियों और विश्वविद्यालय के संकायों में से गठन किया जाएगा।

iii. फलाइंग स्क्वाड गठन को गोपनीय रखा जाएगा और लघु अवधि देते हुए सदस्यों को सूचित किया जाएगा।

iv. फलाइंग स्क्वाड के सदस्य परिवहन के लिए स्वयं व्यवस्था कर लेंगे और दल के सदस्य तथा परीक्षा नियंत्रण के अलावा किसी अन्य व्यक्ति से अपने दौरा के बारे में अभिव्यक्त नहीं करेंगे।

3. किसी भी व्यक्ति (उपरोक्त प्राधिकारी के रूप में नियुक्त एक व्यक्ति) जो परीक्षा नियंत्रक द्वारा जारी किसी निर्देश का अनुपालन नहीं करता है या किसी तरह का अनाचार करता है को कुलपति द्वारा निर्धारित समयावधि के लिए परीक्षा संबंधित दायित्वों से निषेध किया जाएगा और भा स वि कानून तथा अध्यादेशों के अनुसार अनुशासनिक कार्यवाही के लिए उत्तरदायी होंगे।

4. विभिन्न प्राधिकारियों को देय पारिश्रमिक व भत्ता परीक्षाओं के लिए, पदवीदान के लिए और विभिन्न अन्य प्रकार्यों के लिए शुल्क व पारिश्रमिक निर्धारित करने वाले अध्यादेश के अनुसार होगी, जिनका समय समय संशोधन किया जाएगा।।

5. अध्यादेश में उल्लिखित न किये गये किसी भी विषय के संबंध में प्रक्रिया निर्धारित करने संबंधित अधिकार कुलपति को होगी।

टिप्पणी : परीक्षकों के साथ व्यवहार करने वाले शैक्षिक विषयों को व्यवस्थित करने वाले अध्याय 16 को रद्द की जाती है।

अध्यादेश 11 / 2017

(कार्यकारिणी परिषद संकल्प सं.ईसी 2017–39–10 दि 14.06.17)

"**परीक्षा समिति**

1. **विश्वविद्यालय मे परीक्षा समिति होगी, जिसमें निम्न व्यक्ति होंगे ।**
   i. कुलपति या उसका नामिती– अध्यक्ष
   ii. प्रत्येक स्कूल से एक वरिष्ठ संकाय
   iii. संबद्ध कालेज / संस्था के तीन प्राध्यापक – इनका नामांकन कुलपति द्वारा किया जाएगा।
   iv. शिक्षा परिषद द्वारा नियुक्त दो व्यक्ति
   v. परीक्षा नियंत्रक – सदस्य सचिव (पदेन)
2. नामित सदस्य तथा शिक्षा परिषद द्वारा नियुक्त सदस्य तीन वर्ष की अवधि तक कार्यालय वहन करेंगे और पुनःनियुक्ति के लिए अर्ह होंगे ।
3. समिति की बैठक के लिए 1/3 सदस्य कोरम बनेंगे।
4. समेकित परिणामों पर विचार करते हुए समिति अनुमोदन प्रदान करेगा और विश्वविद्यालय के सभी परीक्षा परिणामों को घोषणा करने के लिए प्रबंध करेगा।
5. समिति, कृपांक प्रदान करने के लिए अधिकृत है बशर्ते कि सभी विषय एक साथ मिलाकर सत्र में 5 से अधिक अंक नहीं दिया जाये।
6. शिक्षा परिषद द्वारा उन्हें निर्दिष्ट जैसे अन्य ऐसे दायित्वों तथा प्रकार्यों को निष्पादन करेंगे।

बशर्ते कि परीक्षा समिति, विश्वविद्यालय के किसी अधिकारी को उपर्युक्त किसी भी या सभी अधिकारों को डेलिगेट कर सकता है।

